Dr.pragya kumari
Asst.prof.
Dept.of psychology
H.D.Jain college Ara

Scanned with CamScanner

Working Memory

Working memory जिसे STM कहा जाता था, का स्वरूप STM से भिन्न पाया गया है तथा इसे स्वतंत्र ढंग से अलग से परिभाषित भी किया है। Working memory के संप्रत्यय का प्रतिपादन ब्रिटिश मनोवैज्ञानिक ~~Alan~~ Alan Baddeley, 2003 द्वारा किया गया। STM से तात्पर्य सूचना के सिर्फ अस्थायी संचयन से होता है परन्तु working memory से तात्पर्य वैसे Memory से होता है जिसमें सूचनाओं को संचित किया जाता है तथा साथ ही साथ उसे Processing भी किया जाता है। अतः working memory में सूचनाओं का संचयन क्षमता तथा सूचनाओं को संसाधित करने की क्षमता दोनों ही सम्मिलित होता है।

जैसे यदि हम कोई Mobile No. 9933429879 को देखकर सिर्फ 30 सेकेंड्स तक संचित करके मन में रखते हैं तो यह STM है परन्तु यदि हम इसे 30 sec तक संचित करने के साथ-2 इसको इस प्रकार संसाधित करते हैं कि इसके आरंभ तथा अंत में 9 है

तथा नीचे में पहले दो 3 तथा फिर दो 80 है तो यह working memory का उदाहरण होगा।

Modern Psychologist ने इसे Work bench कहा है अर्थात यह रचनात्मक होती है जहाँ आगे वर्तमान में उपयोग की जाने वाली सूचनाएँ मौजूद होती हैं तथा संचालित होती है।

Rains के अनुसार working memory के दो प्रमुख elements होते हैं।

(i) Workspace तथा (ii) Executive Function.

Workspace से तात्पर्य general temporary store, कई तरह के Specialized temporary storage system तथा किसी समय में इन Content पर उपयोग किये जाने वाले विशेष प्रक्रियाओं से होता है

Executive function जिसके माध्यम से working memory में होने वाली क्रियाओं का एक overall coordination का देख रेख ~~संतत~~ संपन्न होता है।

Miller 1956 के अनुसार working memory की संचयन क्षमता लगभग सात पृथक एकांशों (दो अधिक या कम) की होती है। सूचनाओं एवं एकांशों की संख्या इससे ज्यादा होने पर स्मृति तंत्र overloaded हो जाता है और यदि कोई नयी सूचना ऐसी स्थिति में प्रवेश करती है, तो पुरानी सूचना अपने आप खो जाता है। परन्तु ऐसा संभव है कि प्रत्येक एकांश से अलग-2 सूचनाओं की इकाई हो सकती है। ऐसे इकाई आपस में कुछ विशेष ढंग से सम्बन्धित हो सकते हैं तथा उन्हें अर्थपूर्ण इकाई से समूहन किया जा सकता है। इस प्रक्रिया को मनोवैज्ञानिकों ने Chunking कहा है और प्रत्येक चुंक में बड़ी संख्या में सूचनाओं को रखा जा सकता है।

=